भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

संख्या 5/13/1/एनएचआरपी/कैंसरस्क्रीनिंग/2024/एनसीडी-III दिनांक: 07.03.2025

# रिक्त पद विज्ञापन

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), नई दिल्ली निम्नलिखित विवरण के अनुसार संविदा पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैं:

| | |
|---|---|
| परियोजना का नाम | "भारत के चयनित जिलों में मौखिक, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच, प्रारंभिक निदान और प्रारंभिक उपचार को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यान्वयन अनुसंधान" एनएचआरपी परियोजना शीर्षक। |
| पद का नाम | परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक- I (चिकित्सा) |
| रिक्त पदों की संख्या | एक |
| अनिवार्य अर्हकता और अनुभव | एमबीबीएस/बीडीएस |
| कर्तव्यों की प्रकृति | समग्र समन्वय और विश्लेषण एवं रिपोर्ट लेखन सहित परियोजना की गतिविधियों का संचालन करना। |
| आपेक्षित कार्य | उम्मीद्वारों को इस प्रस्ताव के कॉल के अंतर्गत चयनित संस्थानों/अन्य केंद्रों के साथ समन्वय करना तथा बहुकेन्द्रीय परियोजनाओं के अंतर्गत कार्यों की निगरानी करनी तथा एकत्रित किए गए आंकड़ों की समीक्षा करने, रिपोर्ट तैयार करने तथा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों में कार्यक्रम अधिकारियों की सहायता करने की आवश्यकता है। |
| समेकित परिलब्धियां | 67,000/- रुपये प्रति माह + एचआरए (स्वीकार्य) प्रति माह |
| आयु सीमा | 35 वर्ष |
| कार्य की अवधि | 1 वर्ष या परियोजना के पूरा होने तक जारी रहने की संभावना, जो भी पहले हो |
| तैनाती का स्थान | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

**नोट:**

(a) सभी शैक्षिक योग्यताएं/प्रमाण-पत्र मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।

(b) प्राप्त सभी अनुभव अधिमानतः सरकारी संगठनों से प्राप्त किए गए मान्य होंगे और न्यूनतम आपेक्षित योग्यता पूरी करने की तारीख के बाद माने जाएंगे। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से प्राप्त किए गए अनुभव पर भी विचार किया जाएगा।

(c) अनुभव संबंधित फिल्ड/क्षेत्र से होना चाहिए।

(d) सभी सामुदायिक प्रमाण-पत्र सरकार के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा जारी किए गए हो।

(e) आपेक्षित क्षेत्र/विशेषज्ञता का पद के सामने वाले कोष्ठक में उल्लेखित किया जाए।

**आवेदन कैसे करें:**

1. योग्य उम्मीदवार https://forms.gle/LqZcT9KGJUizA9YTA पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।
2. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित स्वःप्रमाणित आपेक्षित दस्तावेज संलग्न किए जाने है:-
   क. जन्म तिथि प्रमाण-पत्र
   ख. शैक्षणिक योग्यता
   ग. अनुभव
   घ. दिनांक 28/03/2025 को सांय 5:00 बजे तक प्रस्तुत किए गए आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना

समय रहते अपना आवेदन जमा कर दें। अल्पसूचीबद्ध (शॉर्टलिस्ट) किए गए उम्मीदवारों की सूची आईसीएमआर की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। कोई अलग से व्यक्तिगत रूप से पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**सामान्य नियम एवं शर्तें:-**

1. उम्मीदवारों को निर्धारित समय पर बताये गए स्थान पर उपस्थित होना आपेक्षित है तथा सभी मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के बाद वॉक-इन लिखित परीक्षा/साक्षात्कार प्रारंभ किए जाएगा।
2. नियुक्ति का प्रस्ताव विज्ञापन के अनुसार मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के अधीन होगा।
3. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
4. ये पद अस्थाई परियोजनाओं के लिए हैं तथा परियोजना के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
5. उपर्युक्त विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति निधियों की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। अतः परिषद मुख्यालय सभी विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है और प्रक्रिया को किसी भी समय वापस लिया जा सकता है / रद्द / संशोधित किया जा सकता है।
6. इस विज्ञापन में दर्शाई गई परिलब्धियां/वजीफा की दरें परियोजना विशेष के लिए हैं तथा परियोजना की वित्तपोषण एजेंसी की मंजूरी के अनुसार परिवर्तित हो सकती हैं।
7. आयु सीमा की कट-ऑफ तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के अनुसार होगी।
8. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
9. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को अपना नवीनतम जाति वैधता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी उम्मीदवारों के पास नवीनतम वैध नॉन-क्रीमीलेयर प्रमाण-पत्र होना चाहिए। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें 40% से कम विकलांगता न हो।
10. योग्यता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव ही मान्य होगा।
11. केवल अनिवार्य योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
12. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित समयमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
13. साक्षात्कार/ व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा उम्मीदवारों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
14. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
15. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
16. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को सामान्यतः अध्ययन स्थल पर ही नियुक्त किया जाएगा; हालाँकि, शोध कार्य के हित में उन्हें किसी अन्य स्थल पर भी नियुक्त किया जा सकता है। वे देश के किसी भी हिस्से में सेवा करने के लिए वचनबद्ध होंगे।
17. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का परिषद मुख्यालय या इसके किसी संस्थानों/केन्द्रों या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे कार्य सौंपे जाने या स्थानांतरण या वित्त पोषण एजेंसी या परिषद मुख्यालय में नियुक्ति/आमेलन/सेवा के नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और परिषद मुख्यालय के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाएं आदि परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

18. सफल उम्मीदवारों को सामान्यतः परियोजना मानव संसाधन पद पर शुरू में एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जो परियोजना की अवधि और कार्यात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य निष्पादन के मूल्यांकन, परियोजना की अवधि, निधियों की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा। किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद की अधिकतम अवधि, किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में, ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के, केवल पांच वर्ष होगी।
19. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए, सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी परियोजना के मानव संसाधन पद को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
20. परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए अवकाश आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगा।
21. आईसीएमआर अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
22. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
23. किसी भी रूप में दबाब डालना/डलवाना अयोग्यता माना जाएगा।
24. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अतिरिक्त जानकारी; यदि कोई हो; केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट: https://www.icmr.gov.in देखते रहें।

(दिनेश सोनी)
प्रशासन अधिकारी